# भूगोल : आदर्श प्रश्न पत्र (Solved)

समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 70

1. 'खनन' किसे कहते हैं? 1

उत्तर पृथ्वी के धरातल से खुदाई करके खनिजों को बाहर निकालना।

2. 'बाह्यस्रोतन' से आप क्या समझते हैं? 1

उत्तर कंपनी के कामगारों के अलावा बाहर के किसी व्यक्ति, समूह या कंपनी से काम करवाना।

3. स्वेज नहर किस देश में स्थित है? 1

उत्तर मिस्र (Egypt)

4. 'आसियान' प्रादेशिक समूह के मुख्यालय का नाम बताइए। 1

उत्तर जकार्ता (इंडोनेशिया)

5. जनसंख्या आकार के आधार पर भारत की जनगणना नगरों को कितने वर्गों में वर्गीकृत करती है? 1

उत्तर छः

6. भारत में परिवहन के तीन प्रमुख साधन कौन से हैं? 1

उत्तर स्थल परिवहन, जल परिवहन, वायु परिहवन

7. 'स्वर्णिम चतुर्भुज' क्या है? 1

उत्तर इसके अंतर्गत 5846 किमी लंबी 4/6 लेन वाले उच्च संघनता के यातायात गलियारे शामिल हैं जो देश के चार विशाल महानगरों – दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, कोलकाता को जोड़ते हैं।

8. 'तूतीकोरिन' पत्तन भारत के किस राज्य में स्थित है? 1

उत्तर तमिलनाडु

9. वर्तमान में भारत में कितने अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं? 1

उत्तर 12 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे।

10. एशिया की विशालतम गंदी बस्ती का नाम बताइए। 1

उत्तर धारावी

11. निश्चयवाद और संभववाद में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

उत्तर

| निश्चयवाद | संभववाद |
|---|---|
| (क) प्रकृति श्रेष्ठ है व मानव उसका गुलाम है। | (क) मानव श्रेष्ठ है व प्रकृति उसकी गुलाम है। |
| (ख) प्रकृति सक्रिय है व मानव निष्क्रिय है। | (ख) मानव सक्रिय है व प्रकृति निष्क्रिय है। |
| (ग) प्रकृति मानव के क्रियाकलापों को नियंत्रित करती है | (ग) मानव प्रकृति को नियंत्रित करने की सोच रखता है। |
| (घ) समर्थक - रिटर, रैटजेल, काण्ट | (घ) समर्थक-ब्लाश, ब्रूंस, फेवब्रे |

12. प्राथमिक क्रियाओं और द्वितीयक क्रियाओं में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

उत्तर

| प्राथमिक क्रियाएँ | द्वितीयक क्रियाएँ |
|---|---|
| (क) ये प्रकृति से वस्तु को सीधे प्राप्त करने की क्रिया | (क) प्रकृति से प्राप्त वस्तु का रूप बदलकर उसे अधिक मूल्यवान बनाने की क्रिया |
| (ख) ये क्रियाएँ परंपरागत तरीके से की जाती है। | (ख) इसमें उच्च तकनीक का इस्तेमाल होता है। |
| (ग) ये क्रियाएँ प्रायः गाँव से जुड़ी होती हैं। | (ग) ये क्रियाएँ प्रायः शहर से जुड़ी होती हैं। |
| (घ) उदाहरण– आखेट, कृषि, मछली पकड़ना | (घ) उदाहरण – चीनी उद्योग, कपड़ा उद्योग |

13. पत्तन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार क्यों कहलाते हैं? 3

उत्तर क्योंकि–

(क) पत्तन विश्व के एक भाग को दूसरे से जोड़ता है।

(ख) यहाँ पर देश का आयात व निर्यात सम्भाला जाता है।

(ग) 80 प्रतिशत विश्व व्यापार पत्तनों के माध्यम से होता है।

14. ग्रामीण और नगरीय बस्तियों में आधारभूत अंतर क्या हैं? 3

| ग्रामीण बस्तियाँ | नगरीय बस्तियाँ |
|---|---|
| (क) इनका जीवन प्राथमिक क्रियाओं पर निर्भर | (क) इनका जीवन द्वितीयक व तृतीयक क्रियाओं पर निर्भर |
| (ख) लोग कम गतिशील | (ख) लोग अधिक गतिशील |
| (ग) सामाजिक संबंध घनिष्ठ | (ग) सामाजिक संबंध औपचारिक |
| (घ) जीवन का ढंग सरल | (घ) जीवन का ढंग जटिल |
| (ङ) आधुनिक सुविधाओं का अभाव | (ङ) आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण |

15. भारत में चावल की फसल प्रतिरूप की विवेचना कीजिए। 3

उत्तर चावल–

(क) अधिकतर जनसंख्या का प्रमुख भोजन है

(ख) एक उष्ण कटिबन्धीय फसल है।

(ग) विश्व में 3000 से भी अधिक किस्में

(घ) पूर्वी भारत के आर्द्र भागों से लेकर उत्तर पश्चिमी भारत के शुष्क परन्तु सिंचित क्षेत्र तक उत्पादन होता है।

(ङ) दक्षिणी राज्यों में तथा पं. बंगाल में जलवायु अनुकूलता के कारण एक कृषि वर्ष में चावल को दो या तीन फसलें उगाई जाती है।

(च) भारत विश्व का 22 प्रतिशत चावल उत्पादन करता है।

(छ) देश के पाँच प्रमुख चावल उत्पादक राज्य हैं–

(1) पं. बंगाल (2) पंजाब (3) उत्तरप्रदेश

(4) आंध्रप्रदेश (5) तमिलनाडु

16. जल संसाधनों की कमी के लिए उत्तरदायी कारकों की विवेचना कीजिए। 3

उत्तर जल संसाधनों की कमी के लिए उत्तरदायी कारक–

(क) गिरता भौम जल स्तर

(ख) जल की बर्बादी

(ग) जल प्रदूषण

(घ) जल प्रबंधन की कमी

(ङ) वनों का ह्रास

(च) बढ़ती आबादी

17. भारत की नई औद्योगिक नीति, 1991 के तीन मुख्य लक्ष्यों का वर्णन कीजिए। 3


उत्तर तीन मुख्य लक्ष्य–

(क) उदारीकरण

(ख) निजीकरण

(ग) वैश्वीकरण

18. नीचे दिए गए भारत के मानचित्र का अध्ययन कीजिए और A से F तक की तेल परिष्करणशालाओं के नाम दीजिए। 3



उत्तर A - पानीपत B - मथुरा C - बरौनी

D - डिग्बोई E - जामनगर F - कोच्चि

19. भारत के आर्थिक विकास में सड़कों की भूमिका का वर्णन करें। 3

उत्तर (क) रेल परिवहन की तुलना में सस्ता साधन

(ख) सड़क उपभोक्ता के घर तक पहुँचती है।

(ग) कम दूरी के लिए उत्तम है

(घ) शीघ्रनाशी वस्तुओं के लिए उपयोगी

(ड.) पर्यटन को प्रोत्साहन

(च) व्यापार में वृद्धि

(छ) जनसंपर्क में सुविधा

(ज) उद्योगों व बाजार के मध्य महत्त्वपूर्ण भूमिका

20. भारत में गंदी बस्तियों की समस्याओं का वर्णन कीजिए। 3

उत्तर भारत में गंदी बस्ती की समस्याएँ–

(क) जीर्ण-शीर्ण मकान

(ख) स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली का अभाव

(ग) शौच सुविधाओं का अभाव

(घ) कम वेतन व अधिक जोखिम के कार्य

(ड.) उचित शिक्षा का अभाव

(च) कुपोषण व अल्पपोषण की समस्या

(छ) सामाजिक बहिष्कार के शिकार

21. विश्व में जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले कारको की विवेचना कीजिए। 5

उत्तर (1) भौगोलिक कारक – जल की उपलब्धता, भू-आकृति, जलवायु, मृदा

(2) आर्थिक कारक – खनिज, नगरीकरण, औद्योगीकरण

(3) सामाजिक व सांस्कृतिक कारक – धार्मिक व सांस्कृतिक महत्त्व, सामाजिक व राजनीतिक अशांति, सरकार द्वारा प्रोत्साहन

] व्याख्या

22. आधुनिक बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 5

उत्तर (1) कौशल का विशिष्टीकरण

(2) यंत्रीकरण

(3) प्रौद्योगिकी नवाचार व शोध

(4) संगठनात्मक ढाँचा

] व्याख्या

(5) अनियमित भौगोलिक वितरण
(6) बाज़ार तक अभिगम्यता
(7) श्रम आपूर्ति तक अभिगम्यता
(8) शक्ति के साधनों तक अभिगम्यता
(9) सरकारी नीति
(10) उद्योगों के मध्य संबंध

(5)–(9) व्याख्या

23. परिवहन की विभिन्न विधाएँ कौन सी हैं? किन्हीं दो परिवहन विधाओं की विशेषताएँ लिखिए। 5

उत्तर परिहवन की विभिन्न विधाएँ–

(1) स्थल परिवहन
(2) जल परिवहन
(3) वायु परिवहन
(4) पाइपलाइन

व्याख्या

24. विकासशील देशों में ग्रामीण और नगरीय बस्तियों की समस्याओं का उल्लेख करें। 5

उत्तर (क) ग्रामीण बस्तियों की समस्याएँ–

1. रोजगार का अभाव
2. चिकित्सा सुविधा व शिक्षा का अभाव
3. कृषि का पिछड़ापन
4. पानी व बिजली की समस्या
5. शौचालय व कचरे की समस्या
6. परिवहन व संचार की समस्या

व्याख्या

(ख) नगरीय बस्तियों की समस्याएँ–

1. प्रवासी (ग्राम से नगर) जनसंख्या
2. सामाजिक प्रदूषण
3. अपर्याप्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएँ
4. बेरोजगारी
5. पेयजल की कमी
6. जल, वायु प्रदूषण

व्याख्या


25. जनसंख्या वृद्धि से क्या तात्पर्य है? भारत में किशोरो से सम्बन्धित समाज के समक्ष अनेक चुनौतियाँ कौन-कौन सी है? 5

उत्तर जनसंख्या वृद्धि दो समय बिंदुओं के बीच किसी क्षेत्र विशेष में रहने वाले लोगों की संख्या में परिवर्तन।

जनसंख्या वृद्धि में क्षेत्रीय भिन्नताएँ निम्न कारणों से–

| | | |
|---|---|---|
| (क) | निरक्षता | व्याख्या |
| (ख) | विवाह की निम्न आयु | |
| (ग) | किशोरों की वृद्धि | |
| (घ) | विद्यालय विरत छात्र | |
| (ङ) | पोषकों की निम्न ग्राह्यता | |
| (च) | HIV/ AIDS के संक्रमण की ऊँची दरें | |
| (छ) | औषध दुरूपयोग | |

26.1 दिए गए संसार के रेखा मानचित्र में चार लक्षण दिखाए गए हैं। मानचित्र की कुंजी की सहायता से उन्हें पहचानिए और मानचित्र में दी गई रेखाओं पर उन लक्षणों के सही नाम लिखिए। 2




प्रश्न: A – नहर

B = अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा

C = मेगा नगर

D = पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग

उत्तर A = पनामा शहर

B = केप टाउन

C = टोकियो


D = ऑस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग

26.2 दिए गए भारत के राजनैतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिन्हों द्वारा दर्शाइए : 3

(1) झारखण्ड में मुख्य औद्योगिक क्षेत्र

(2) कर्नाटक में लोहा एवं इस्पात संयंत्र

(3) एच.वी.जे. प्राकृतिक गैस पाइपलाईन




❀❀❀❀